हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 4 जून 2025


तापमान
अधिकतम 36 .8 डिग्री
न्यूनतम 20 .7 डिग्री


9 बैडमिंटन प्रतियोगिता खिलाड़ियों ने बहाया पसीना





10 सांपला, सराय अहमद व मकड़ौली कलां अवैध ...




## खबर संक्षेप

### मदविः समेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने पीजी डिप्लोमा इन डाटा एनालिटिक्स एनईपी के प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा पीजी डिप्लोमा इन डाटा एनालिटिक्स दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### प्रो. चौधरी नोडल अधिकारी नियुक्त

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने इमसॉर के प्रो. डॉ. ऋषि चौधरी यूजीसी द्वारा विश्वविद्यालय के पीडब्ल्यूडी सुविधाओं और सुलभ ऑडिट के संबंध में नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. ऋषि चौधरी को यह दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से आगामी आदेशों तक दिया गया है।

### मदविः 12 से प्रारंभ होंगी बीएड परीक्षाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीएड प्रथम व दूसरे वर्ष की रेगुलर व री-अपीयर (बीएड स्पेशल एजुकेशन समेत), एमएड सीबीसीएस तथा नॉन सीबीसीएस दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षाएं (यूटीडी के अलावा तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन समेत) 12 जून से प्रारंभ होंगी। परीक्षा भवन की संचालन शाखा ने इस बारे परिपत्र जारी कर बताया कि डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### खरैंटीः नहर में तैरता हुआ मिला युवक का शव

**महम।** लाखन माजरा पुलिस को खरैंटी गांव के पास से गुजरने वाली नहर से एक युवक का शव पानी में तैरता हुआ मिला है। मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली की बैंसी से खरैंटी गांव की ओर जाने वाली सड़क पर नहर के पुल के पास एक युवक का शव पानी में तरता हुआ पहुंचा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान करनाल जिले के मंगलपुर गांव निवासी 25 वर्षीय विशाल पुत्र रामनिवास के रूप में हुई है। युवक शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। युवक के शरीर पर अंडर वीयर के अलावा अन्य कपड़े नहीं थे।

---

**मानसून के दौरान खतरनाक वायु प्रदूषण से मिलती है कुछ राहत, पूरे साल गटक रहे हैं हम जहर**

# जहर मिलता रहा, हम पीते रहे, शहर को साल में 38 दिन ही मिली सांस लेने लायक हवा

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रक बोर्ड मानकों के मुताबिक किसी भी स्थान का एक्यूआई 0 से 50 तक है तो वह अच्छा, 51 से 100 संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201-300 खराब, 301-400 बहुत खराब, 401-500 से खतरनाक होता है। एक्यूआई अगर 50 तक है तो वहां की आबोहवा सांस लेने के लायक है।

अब आप अपने रोहतक शहर को इन्हीं मानक पर एक बार परख लें। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड से हमें साल 2024 का जो डाटा उपलब्ध हुआ है, वह बेहद चिंताजनक हालात बता रहा है। साल के 365 दिन में से रोहतक में केवल 38 दिन ही सांस लेने के लायक हवा थी। बाकि दिनों में हमें ' जहर मिलता रहा, जहर पीते रहे, रोज मरते रहे, रोज जीते रहे ।

सरकारी डाटा के अनुसार साल 2024 की जनवरी में एक दिन भी ऐसा नहीं बीता, जिस दिन एक्यूआई 50 तक हो। 8 को अधिकतम एक्यूआई 352 था। फरवरी में हालात जनवरी से जैसे तो नहीं थे। एक्यूआई 6 को 50 दर्ज रहा। मार्च में स्थिति जनवरी से जैसे ही थी। अप्रैल में 1, 2,3, 4 और 21 को आबोहवा में पीएम 2.5 की मात्रा 50 तक थी। मई भी जनवरी जैसा था। जून में भी कोई सुधार वायु में नहीं हुआ। बल्कि 5 और 19 को लाल निशान पर था। चूंकि जून में मानसून प्रदेश में दस्तक दे देता है। इसलिए 7 और 26 जुलाई को एक्यूआई 50 दर्ज किया गया। बाकि दिनों में इससे कहीं ज्यादा था।

### मानसून से होती है स्वच्छ हवा

अगस्त काफी बेहतरीन रहा। 17 दिन तक पीएम 2.5 की मात्रा 50 तक रही। इनमें 4, 7, 8,9,11,12, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23, 26, 27, 29, और 31 अगस्त ऐसे दिन थे, जब लोगों ने खुलकर सांस ली। सितंबर के भी आठ दिन भी सांस लेने के लायक थे। इनमें 4, 11,12,14,15,19,28 तथा 29 सितंबर शामिल है। आमतौर पर मानसून की विदाई सितंबर के अंतिम सप्ताह में हो जाती है। इसके कुछ दिन आबोहवा ठीक रहती है। अक्टूबर 2024 में 3 दिन तक एक्यूआई का लेवल 50 तक रहा। इनमें 5, 6 और 10 तारीख शामिल है। इसके बाद नवंबर में सांसों के लिए संकट प्रारंभ हो जाता है। तापमान गिरने लगता है और प्रदूषण का स्तर दिन-प्रतिदिन बढ़ता रहता है। निरंतर गिरते तापमान की वजह से हवा की गति भी काफी कम हो जाती है। जिससे धरती से कुछ मीटर ऊपर तक प्रदूषण की चादर फैलती है।

### ये है वायु प्रदूषण का शरीर में नुकसान

वायु प्रदूषण शरीर के हर अंग को नुकसान पहुंचाता है। जिंदगी को कम भी करता है। पुरानी बीमारी उभर आती हैं। चिकित्सा शोधों में बताया गया है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने फेफड़ों की परत तक खत्म हो जाती है। जिससे सांस लेने की प्रक्रिया पर काफी प्रतिकूल असर पड़ता है। अस्थमा , ब्लड प्रेशर बढ़ना, तथा फेफड़ों और हृदय से संबंधित दूसरी बीमारियां भी मनुष्य को घेर लेती हैं। सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) के साथ-साथ फेफड़ों का कैंसर भी हो सकता है।

### पॉल्यूशन से मरते हैं हर साल 21 लाख

एक अनुमान के मुताबिक, भारत में हर साल तंबाकू की वजह से 10 लाख के आसपास लोग मारे जाते हैं। जबकि, वायु प्रदूषण के कारण 21 लाख। यानी लगभग दोगुना। इस हिसाब से देखा जाए तो भारत में हर महीने औसतन 1.75 लाख और हर दिन 5,753 लोगों की मौत वायु प्रदूषण के कारण हो जाती है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि विश्व में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली 81 लाख मौतों में से 21 लाख अकेले भारत में होती हैं। रपट में ये भी बताया गया कि भारत में 52% प्रदूषण औद्योगिक प्रदूषण, 27 वाहनों द्वारा, 17 फसल जलाने से और 5 फीसदी अन्य स्रोतों से होता है।

---

**सीईटी के फार्म भरने वाले अभ्यर्थियों ने तिथि बढ़ाने की मांग की**

# एक सप्ताह से पोर्टल बंद, हजारों छात्र परेशान, नहीं बन पा रहे प्रमाणपत्र

- छात्रों ने डीसी को पोर्टल की समस्या से अवगत कराया
- तहसील सहित अन्य सेंटरों पर लग रही भीड़, युवाओं को सीईटी को करना है अप्लाई
- कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 जून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सीईटी के लिए रजिस्ट्रेशन मांगा गया है। इसके लिए प्रदेश भर के लाखों युवा अप्लाई करेंगे। इससे पहले युवाओं को जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र बनवाने होंगे। लेकिन समस्या यह है कि एक सप्ताह से पोर्टल ही नहीं चल रहा है जिसकी वजह से युवाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रमाण पत्र न होने के कारण कॉलेज और विश्वविद्यालय में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। दूसरी ओर सबसे बड़ा खामियाजा उन अभ्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। जिन्हें सीईटी के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना है। दिन भर युवा अपने प्रमाण पत्र लेकर नगर निगम, तहसील और अन्य सेंटरों के चक्कर लगाते रहते हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उम्मीदवारों ने सीईटी की तिथि बढ़ाने की भी मांग की है।

### जाति, रिहायशी, आय सहित सभी प्रमाण पत्र लटके



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए डीसी धर्मेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते एसएफआई की जिला इकाई के सदस्य।

### डीसी को सौंपा ज्ञापन

एसएफआई की जिला इकाई ने मंगलवार को डीसी धर्मेंद्र सिंह से मिलकर राज्य में लगातार एक सप्ताह से ठप पड़े सरल पोर्टल को लेकर विद्यार्थी और अभ्यार्थियों के समक्ष आने वाली समस्याओं से अवगत करवाया। संगठन के सचिव अमित पूनिया ने डीसी को बताया कि सरल पोर्टल ठप होने की वजह से जाति, रिहायशी, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। प्रमाण पत्र न होने के कारण कॉलेज और विश्वविद्यालय में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। दूसरी ओर सबसे बड़ा खामियाजा उन अभ्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। जिनको हाल ही में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित की जाने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के लिए फॉर्म भरना है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 जून है।

### अभ्यर्थियों के लिए चुनौती

सचिव पूनिया ने कहा कि सीईटी व कॉलेज, विश्वविद्यालय दाखिलों के पंजीकरण शुरू होने के समय से ही सरल पोर्टल में रुकावट और धीमी गति विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों के लिए चुनौती बन गई है। क्योंकि फॉर्म भरने के लिए जरूरी प्रमाण पत्र जैसे जाति प्रमाण पत्र, हरियाणा डोमिसाइल सर्टिफिकेट, इन्कम सर्टिफिकेट, ईब्डलुएस आदि बन नहीं पा रहे। इस मौके पर छात्र सक्षम ने कहा की हम पिछले 7-8 दिन से हरियाणा रियायशी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। लेकिन पोर्टल में रुकावट और धीमी गति से बन नहीं पा रहा। इसलिए मैने फॉर्म आल इंडिया जरनल कैटेगरी में भरना पड़ा है। अब यह चिंता है कि अच्छे कॉलेज में दाखिला होगा या नहीं। डीसी ने विद्यार्थियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। लक्ष्य, सक्षम, टिंकू, अनिल, संजीव, गोलू, सदानंद, अमित मांगपत्र देने वालों में शामिल रहे।

---

# खेतों में पानी चलाने को लेकर पड़ोसी ने दो भाइयों को मारी गोली

**बहु अकबरपुर में वारदात से हड़कंप, दोनों घायल पीजीआई में भर्ती**





**रोहतक।** घायल को गाड़ी से उतारते परिजन। घायलों के परिजन। फोटो : हरिभूमि

- पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव बहुअकबरपुर में खेतों में पानी चलाने को लेकर दो पक्षों झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि गोली तक चल गई। इस दौरान पड़ोसी ने गुस्से में दो भाइयों को गोली मार दी। गोली लगने से दोनों भाई गंभीर रुप से घायल हो गए। वहीं, दोनों भाईयों ने अपने बचाव में हमलावर पर कस्सी से हमला कर दिया। दोनों पक्ष घायल हो गए। इसकी सूचना राहगीरों ने परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को पीजीआई के ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया। साथ ही परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। वहीं, हमलावर भी ट्रॉमा सेंटर में उपचार कराने के लिए पीजीआई के ट्रामा सेंटर पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में ले लिया। साथ ही पुलिस ने घायल भाइयों में से एक को भी अपने साथ ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कहासुनी के बाद घटना को अंजाम

गांव बहुअकबरपुर निवासी दया राम ने बताया कि उसके 2 बेटे अजय (30) और रविंद्र (25) मंगलवार की दोपहर करीब 2 बजे अपने खेत में पानी लगाने के लिए गए हुए थे। दोनों ने खेत पर पहुंच कर पानी चला दिया। इसी दौरान पड़ोस के खेत का मालिक विनोद भी वहां पर पहुंच गया और पानी को लेकर दोनों भाईयों से कहासुनी करने लगा। दोनों भाईयों ने उसे मना भी किया, लेकिन वह नहीं माना।

### विनोद ने दोनों भाइयों पर चला दी गोलियां

दया राम ने बताया कि कुछ देर बाद विनोद वापस लौटा। उसके हाथ में देसी कट्टा था। उसने आते ही दोनों भाईयों पर गोलियां बरसा दी। अजय की छाती में गोली लगी, जबकि रविंद्र के हाथ में गोली लगकर निकल गई। इसके बाद दोनों भाइयों ने अपने बचाव में विनोद पर कस्सी से हमला कर दिया। कस्सी हाथ पर लगने से विनोद का देसी कट्टा नीचे गिर गया।

### ट्रॉमा सेंटर पहुंची पुलिस



सूचना मिलते ही पुलिस ट्रॉमा सेंटर पहुंची और मामले की जानकारी ली। इसी दौरान आरोपी विनोद भी रोहतक पीजीआई पहुंच गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। उसने कस्सी के वार से घायल हाथ दिखाया। इसके बाद पुलिस ने उसका उपचार कराया। साथ ही उससे भी मामले की जानकारी ली।

### पुलिस ने विनोद को हिरासत में लिया

पुलिस दोनों पक्षों से जानकारी लेने के बाद घायल रविंद्र और आरोपी विनोद को साथ लेकर मौका के लिए रवाना हो गई। पुलिस टीम ने गांव पहुंच कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से भी मामले की जानकारी भी। इसके बाद पुलिस टीम ने रविंद्र को वापस लाकर अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही विनोद को हिरासत में ले लिया।

---



**प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ निगम का अभियान**

# 6 दुकानदारों के 46,000 रुपये के चालान काटे

- स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए थैलो की प्रदर्शनी की गई व उनको वितरित किया गया

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता एवं सफाई अभियान चलाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। निगम द्वारा प्रतिबंद्धित प्लास्टिक का प्रयोग न करने बारे जागरूकता अभियान चलाया गया। निगम में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए कपड़े के थैले और अन्य प्रर्यावरण अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए जगदीश चन्द्र, शहरी परियोजना अधिकारी द्वारा एक विशेष प्रचार अभियान चलाया गया। अधिकारियों द्वारा प्रतिबंद्धित प्लास्टिक को बेचने वालों के विरूद्व निरंतर कार्रवाई की जा रही है। टीम द्वारा बाजारों में छापेमारी करते हुए 6 चालान 46000 रुपये के लिए गए। निगम आयुक्त ने अपील की है कि यह शहर हमारा है तथा इसको साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, इसलिए प्रतिबंद्धित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें तथा सफाई कार्य में नगर निगम का सहायोग करें। निगम द्वारा टीमों को आदेश दिए जा चुके हैं कि शहर में निरीक्षण करें और गंदगी फैलाने वालों व सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के चालान किए जाएं।






# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?



हॉलीवुड मसाला



# गोलियों से छलनी मिली जोनाथन जोस की लाश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।




# रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



# सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



# धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

टीवी मसाला

# ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज़ किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीज़न 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'

## विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से



कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।

# धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो




**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बि हा इं ड - द - सी न वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने

# लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आजम। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आज़म को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

## बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

## खबर संक्षेप



### नेत्रदानी परिवार को रस्म पगड़ी पर किया सम्मानित

**रोहतक।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जगदीश विरमानी निवासी प्रताप मोहल्ला के परिवार को गौकर्ण धाम में आयोजित उनकी रस्म पगड़ी पर पूर्व नेत्र अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा माध्यम से अपना शोक संदेश एवं प्रशंसा पत्र भेजा गया। अपने शोक संदेश में डॉ रमेश आर्य ने जगदीश विरमानी के निधन पर शोक प्रकट किया और परिवार का नेत्रदान करवाने के लिए धन्यवाद किया। पूर्व नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने नेत्रदान के बारे विस्तृत जानकारी दी।

### आदर्श स्कूल में पेरेंटस टीचर्स मीटिंग हुई

**महम।** आदर्श स्कूल, मदीना में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों की सर्वांगीण प्रगति हेतु अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना रहा। प्रधानाचार्य मंजुलता ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं की जानकारी दी। शिक्षकों ने अपने-अपने विषय में छात्रों के प्रदर्शन की जानकारी दी और भविष्य की तैयारी के सुझाव दिए। शैक्षणिक सलाहकार मनविजय ने प्रत्येक अभिभावक से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने एवं समाधान का प्रयास किया।

### ग्रीष्मकालीन शिविरों का किया निरीक्षण

**रोहतक।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित भारतीय भाषा कार्यक्रम के तहत चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविरों का मंगलवार निरीक्षण किया गया। जिला परियोजना समन्वयक बिजेन्द्र हुड्डा एवं सहायक परियोजना समन्वयक सुरेन्द्र दहिया ने विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर शिविरों की गतिविधियों का जायजा लिया।

### प्रदेश के सभी डिग्री कॉलेजों में दाखिल प्रक्रिया शुरू

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न यूजी कार्यक्रमों के प्रथम वर्ष के दाखिले के लिए दाखिला पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं। प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक स्तर 2025-26 के लिए स्नातक के प्रथम वर्ष की दाखिला प्रक्रिया प्रदेश के सभी डिग्री कॉलेज में जारी है। सरकार स्नातक कोर्स में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाने के प्रति उत्सुक है। विद्यार्थियों के लिए स्नातक कार्यक्रमों जैसे बीए, बीकॉम, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंसिज आदि में प्रवेश लिए जाएंगे।

# सीटू की राज्यस्तरीय बैठक में ऐलान, 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल

- मजदूरों के मुद्दों पर आर-पार की लड़ाई का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सीटू की राज्यस्तरीय पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को सुखपुरा चौक स्थित प्रभात भवन में आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने का ऐलान किया गया। यह हड़ताल केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर होगी। बैठक की अध्यक्षता सीटू की प्रांतीय अध्यक्ष सुरेखा ने की, जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर प्रांतीय महासचिव जयभगवान ने केंद्र सरकार की नवउदारवादी नीतियों पर तीखा प्रहार किया।



रोहतक। सुखपुरा चौक स्थित प्रभात भवन में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता प्रांतीय महासचिव जयभगवान। फोटो : हरिभूमि

### 20 जून को 'मांग दिवस' मनाया जाएगा

प्रांतीय अध्यक्ष सुरेखा ने कहा कि हरियाणा का न्यूनतम वेतन अब देश में 14वें स्थान पर पहुंच चुका है, जबकि 2015 में यह शीर्ष तीन में था। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन को रिवाइज न करने से प्रदेश के मजदूरों को करोड़ों-अरबों रुपये की मजदूरी का नुकसान हुआ है। यदि 2020 और 2025 में वेतन संशोधन होता, तो वर्तमान में मजदूरों का वेतन 28,000 से 30,000 तक होना चाहिए था। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 20 जून को 'मांग दिवस' मनाया जाएगा और इसके लिए प्रदेश भर में 15 दिनों का विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, 9 जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने के लिए चारों राज्यों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लेबर कोड्स को रद्द करने, न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये लागू करने, कच्चे और परियोजना कर्मचारियों को पक्का करने, निर्माण मजदूर बोर्ड को प्रभावी बनाने, मनरेगा में 600 दिहाड़ी और 200 दिन काम सुनिश्चित करने, महंगाई व बेरोजगारी के खात्मे, और सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाने जैसे प्रमुख मांगों को लेकर यह हड़ताल की जाएगी। जयभगवान ने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार पूंजीपति घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए देश के संसाधनों को कौड़ियों के भाव बेच रही है। उन्होंने कहा कि चारों लेबर कोड्स लागू कर मजदूरों को शोषण के दायरे में लाया जा रहा है और श्रम कानूनों की अनदेखी हो रही है। 46वें श्रम सम्मेलन की रिपोर्ट को अब तक लागू नहीं किया गया है। बैठक में सीटू के प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, उपाध्यक्ष सतबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, सुखबीर सिंह, अनिल कुमार, सचिव सुनील दत्त, किरण, सुनीता, सतीश सेठी, शकुंतला, विनोद, मनोज सोनी, राजरानी और कलीराम उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- यह हड़ताल केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर होगी और प्रदर्शन जोरदार होगा

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में हुआ आयोजन

# कार्यशाला में पहले दिन दी तकनीकी सिद्धांत और अनुप्रयोगों की जानकारी

विशेषज्ञों द्वारा इस तरह के व्यावहारिक प्रशिक्षण से छात्रों को प्रतिस्पर्धी माहौल में बढ़त मिलेगी: डॉ. पूजा सुनेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में मंगलवार को एकेडमिया-इंडस्ट्री कांग्लोमरेट ऑन इंटरडिसिप्लिनरी आस्पेक्ट्स इन लाइफ साइंसेज विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ हुई। विश्वविद्यालय के डॉ. राधाकृष्णन फाउंडेशन फंड द्वारा प्रायोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला के प्रारंभ में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्ष एवं कार्यशाला की संयोजिका डॉ. पूजा सुनेजा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक जगत और औद्योगिक क्षेत्र के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और जीवन विज्ञान में नवाचार तथा अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को रियल टाइम पीसीआर और वेस्टर्न ब्लाटिंग जैसे आणविक विश्लेषण उपकरणों का व्यावहारिक प्रशिक्षण शोधार्थियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा इस तरह के व्यावहारिक प्रशिक्षण से छात्रों को प्रतिस्पर्धी माहौल में बढ़त मिलेगी। ये उपकरण छात्रों को करियर, शोध और प्रौद्योगिकी के लिए आवश्यक आधार भी प्रदान करते हैं।

छात्रों ने नमूना तैयार करना, एसडीएस-इलेक्ट्रोफोरेसिस और उसका विश्लेषण किया। टीम ने छात्रों को किसी भी प्रायोगिक रन के दौरान समस्या निवारण के बारे में भी प्रशिक्षित किया। फिर प्रोटीन को ट्रांस-ब्लॉट टर्बो सिस्टम, बायो-रेड का उपयोग करके नाइट्रोसैलूलोज झिल्ली पर स्थानांतरित किया गया। बायो-रेड लैब्स, भारत के मार्केटिंग मैनेजर अखिल गुप्ता ने छात्रों को हाल ही में लॉन्च की गई केमी-डॉक गो मशीन के बारे में जानकारी दी, जिसका उपयोग विकसित ब्लॉट्स को देखने, विश्लेषण करने और इमेज बनाने के लिए किया जाता है। सत्र का समापन प्रतिभागियों के साथ खुली चर्चा के साथ हुआ। दूसरे दिन कल रियल टाइम पीसीआर पर व्यावहारिक सत्र होगा।



रोहतक। आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

### कार्यशाला में ये रहे मौजूद

कार्यशाला का संचालन एवं समन्वयन आयोजन सचिव माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनीता रानी और डॉ. पूजा गुलाटी तथा सह-आयोजन सचिव डॉ. केके शर्मा, डॉ. संजय कुमार और डॉ. राजीव के कपूर सह-आयोजन ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बायो-रेड लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, भारत के सहयोग से किया गया था। इस अवसर पर जीवन विज्ञान के विभिन्न विभागों के निदेशक, अध्यक्ष और शिक्षक उपस्थित रहे। बायो-रैब लेबोरेटरी, भारत के जीव विज्ञान समूह के वरिष्ठ क्षेत्र अनुप्रयोग वैज्ञानिक डॉ. दुर्गेश सिंह ने कार्यशाला में छात्रों को इन तकनीकों के सिद्धांत और अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी दी।

# पटाखों पर प्रतिबंध के आदेश को सख्ती से लागू करने के लिए समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों अनुसार पटाखों पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए उपमंडलीय स्तर पर शिकायत निवारण समिति का गठन करने के आदेश जारी किए हैं। यह समिति पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 5 के तहत उल्लंघन करने वालों पर धारा 15 के तहत जुर्माना लगाना भी सुनिश्चित करेगी।

जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह द्वारा जारी आदेश के तहत प्रदेश सरकार के पर्यावरण वन एवं वन्य जीवन विभाग के आदेशानुसार पटाखे फोड़ने से निकलने वाली दूषित गैसों के कारण पर्यावरण को दूषित होने से बचाने तथा आमजन के स्वास्थ्य पर पडऩे वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं फोडऩे पर जिला में पूरे वर्ष के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इसके तहत ऑनलाइन विपणन प्लेटफार्मो के माध्यम से डिलीवरी भी शामिल है। नागरिक उपमंडलीय शिकायत निवारण समिति को इन आदेशों की उल्लंघना बारे शिकायत कर सकते हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत जिला के तीनों उपमंडलों में उपमंडलाधीशों की अध्यक्षता में उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण समितियों का गठन किया गया है। रोहतक उपमंडल पर रोहतक के उपमंडलाधीश की अध्यक्षता में रोहतक के पुलिस उप अधीक्षक, जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त निदेशक, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अथवा प्रतिनिधि, कलानौर,रोहतक के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा नगर निगम आयुक्त के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। सांपला उपमंडल में सांपला के उपमंडलाधीश की अध्यक्षता में सांपला के पुलिस उपाधीक्षक, रोहतक जिला उद्योग केंद्र के संयुक्त निदेशक, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अथवा प्रतिनिधि, सांपला के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा नगर पालिका सांपला के सचिव या प्रतिनिधि को शामिल किया गया है।

### उल्लंघन पर जुर्माना



पर्यावरण को संरक्षित रखने व आमजन के स्वास्थ्य के दृष्टिगत किया गया गठन। पटाखे बनाने, भंडारण, बिक्री, फोड़ने पर लगाया गया है पूर्ण प्रतिबंध। गठित समिति आदेश की उल्लंघना करने वालों पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 15 के तहत लगाएगी जुर्माना।

# एचडीपीएस में योग सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर में शिक्षकों के मानसिक, शारीरिक और आत्मिक विकास के लिए 2 से 3 जून तक एक विशेष दो दिवसीय योग सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों के व्यावसायिक तनाव को दूर कर उन्हें ऊर्जा, एकाग्रता एवं सकारात्मकता से भरपूर बनाना रहा। सेमिनार का उद्घाटन निदेशक सुरेंद्र फौगाट, शैक्षणिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फौगाट तथा प्राचार्य दुलाल देब के करकमलों द्वारा किया गया। योग प्रशिक्षिका एकता ने शिक्षकों को सरल किंतु प्रभावशाली योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियां सिखाईं, जिनका नियमित अभ्यास उन्हें तनावमुक्त एवं ऊर्जावान बनाएगा। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और स्वयं को तरोताजा एवं मानसिक रूप से सशक्त महसूस किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह घोषणा की गई कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्यवर्धक एवं आत्मविकास पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा।



रोहतक। एचडी पब्लिक स्कूल में आयोजित योग सेमिनार में भाग लेते शिक्षक।

# शहीद समुंदर सिंह हुड्डा को रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

कारगिल युद्ध के वीर योद्धा शहीद नायक समुंदर सिंह हुड्डा के शहीदी दिवस पर उनके पैतृक गांव सांघी में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह भावनाओं और देशभक्ति से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 110 युवाओं ने रक्तदान कर शहीद को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद समुंदर सिंह की स्मृति में गांव में बनाए गए भव्य स्मारक स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन 'शहीद युवा क्लब सांघी' द्वारा किया गया।1999 के कारगिल युद्ध में नायक समुंदर सिंह हुड्डा की यूनिट 18 ग्रेनेडियर ने दुश्मन को पीछे धकेलते हुए अद्भुत शौर्य का परिचय दिया। 3 जून को हुई एक नजदीकी मुठभेड़ में नायक समुंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। शहीद दिवस पर पुरोहित देवेंद्र शास्त्री द्वारा हवन कराया गया जिसमें वीर नारी सरोज बाला, पुत्र अर्जुन हुड्डा, भाई रामफल हुड्डा, बलवान सिंह, सत्यवान, बेटी स्वाति व अन्य परिजनों ने भाग लिया। जिला सैनिक बोर्ड रोहतक की सचिव विंग कमांडर गोरिका सुहाग, हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रवक्ता कैप्टन जगवीर मलिक, सूबेदार चंद्रभान, हवलदार नरेंद्र सिंह व हवलदार गुलाब सिंह ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सांसद दीपेंद्र हुड्डा विशेष रूप से स्मारक स्थल पहुंचे और शहीद को पुष्पांजलि अर्पित कर सलामी दी। उन्होंने कहा कि शहीद समुंदर सिंह जैसे योद्धा हमारे देश की असली ताकत हैं और उनके बलिदान से हमें देशभक्ति, समर्पण और त्याग की प्रेरणा मिलती है।



रोहतक। गांव सांघी में शहीद नायक समुंदर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते सांसद दीपेंद्र हुड्डा व अन्य ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# आर्य वीरों को योग आसनों का अभ्यास करवाया



**रोहतक।** गुरुकुल विश्वभारती भैयापुर लाढ़ौत में चल रहे सार्वदेशिक आर्य वीर दल के राष्ट्रीय शिविर में मंगलवार को आर्य वीरों को योग आसनों का अभ्यास करवाया गया। आसनों का अभ्यास कराते हुए शिविर के अध्यक्ष स्वामी देवव्रत सरस्वती ने बताया कि अनावश्यक चिंतन व चिंता करने से तनाव बढ़ जाता है, उस तनाव को आसनों के अभ्यास से कम किया जा सकता है। शरीर में बढ़ रहे अनावश्यक मोटापे को दूर करने के लिए विभिन्न आसनों का अभ्यास किया जाता है। आज पूरे विश्व में योगासनों का अभ्यास किया जा रहा है। सरस्वती ने कहा कि दौड़-भाग भरी जिंदगी में तनाव लाजमी है। इससे बचने का उपाय है अपने शरीर पर ध्यान देना। शरीर तंदुरुस्त रहेगा तो रोग कोसों दूर रहेंगे। शरीर की तंदुरुस्ती के लिए आवश्यक है कि प्रतिदिन योग के आसनों का अभ्यास किया जाए। स्वामी देवव्रत ने बताया कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना करते हुए कहा था संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है। अर्थात शारीरिक आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना। सामाजिक उन्नति हो उससे पहले आत्मिक और आत्मिक से पहले शारीरिक उन्नति का होना बहुत आवश्यक है, ये स्वाती सरस्वती योग साधकों को कहा।

# पीजीआई के आउटसोर्स कर्मचारी बोले, राष्ट्रपति से मांगेंगे सामूहिक आत्मदाह करने की अनुमति

**रोहतक।** अनुबंध कर्मचारी हेल्थ केयर रोहतक संगठन व अनुबंध कर्मचारी पीड़ित एसोसिएशन के बैनर तले पीजीआईएमएस के आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा दूसरे दिन भी हड़ताल की गई। हड़ताल करने वाले कर्मचारियों ने पीजीआई प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी नेताओं ने अपने समस्त कर्मचारियों के समक्ष हड़ताल के दौरान कहा कि सिक्योरिटी सर्विस के ठेकेदार अपने द्वारा रिलीवर के नाम पर लगाए लोगों को भेज कर हमारी अशांति को भंग कर रहे हैं और अपने कारिंदों द्वारा हमारे संगठन के पदाधिकारी पर झूठे मुकदमे और शिकायतें देकर हमारी आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। ताकि उनके भ्रष्टाचार निरंतर चलते रहें। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि महिला कर्मचारी उन पर झूठे आरोप लगा रही है उसका हम कर्मचारी और हमारे संगठन से कोई लेना-देना ही नहीं है। इसकी शिकायत तो हड़ताल से पहले ही कुलपति को सबूतों के साथ की थी। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि कौशल रोजगार में शामिल करने मांग की।



रोहतक। अपनी मांगों के लिए नारेबाजी करते अनुबंध कर्मचारी पीड़ित एसोसिएशन के सदस्य।



### 12 वीं की दीक्षा ने बनाया सबसे अच्छा पेपर बैग

**रोहतक।** श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर पेपर बैग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि इस साल के पर्यावरण दिवस( 5 जून )को प्लास्टिक- मुक्ति के लिए समर्पित किया गया है। इस थीम के अनुसार प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करने के लिए विद्यार्थियों में पेपर बैग की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें 93 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रथम स्थान दीक्षा कक्षा 12 , द्वितीय स्थान सक्षम -कक्षा 11,तृतीय स्थान आरोही -कक्षा 11 एवं प्रोत्साहन पुरस्कार पलक और हिमांशिका को दिया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह ,सर्टिफिकेट एवं प्लास्टिक मुक्त भारत के अंतर्गत कपड़े के थैलों का वितरण किया गया । विद्यालय के के निदेशक पीएन मुज्जु ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ज्ञानवर्धन के लिए इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होना एक सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर समिति के संयोजक अशोक कुमार गुप्ता , गणपत राय गोयल ,विनीता दीवान ,ममता सिंह, सविता जून, रेखा , राजेश एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

# वूमेंस डबल्स का फाइनल मुकाबला होगा रोचक

- वूमेंस डबल्स के फाइनल में भिड़ेंगी कनिका व खुशी तथा पलक व उन्नति हुड्डा की जोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (डीबीए), के तत्वावधान में आयोजित 33 वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को भी खिलाड़ियों ने बैडमिंटन कोर्ट में जमकर पसीना बहाया। बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने बताया कि आईएमटी स्थित एसआरएस पब्लिक स्कूल में जारी इस चार दिवसीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन अंडर-17, अंडर-19 (बॉयज व गर्ल्स) के सिंगल्स और डबल्स व मिक्स डबल्स के रोमांचक मुकाबले जारी रहे।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का समापन बुधवार को होगा, जिसमें रंश किआ के एमडी रोहित बंसल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजेंद्र मलिक, सचिव उमेद शर्मा, टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रितेश दलाल, हरिओम चंदेल, भारत भूषण अरोड़ा, गिरीश सैनी सहित अभिभावक एवं खेल प्रेमी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं अंडर 19 बॉयज डबल्स के फाइनल में हर्षित व प्रिंस सैनी की जोड़ी का मुकाबला मोहित व वेदांत पाहवा की जोड़ी से होगा। गर्ल्स डबल्स के फाइनल में मनस्वी व सीरत की जोड़ी की भिड़ंत अक्षिता व खुशी से होगी। वूमेंस डबल्स का फाइनल मुकाबला कनिका व खुशी तथा पलक व उन्नति हुड्डा के बीच होगा।





रोहतक। जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### 250 साधकों ने प्राप्त की ओंकार दीक्षा

**रोहतक।** समर्थगुरु धाम में एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण का साक्षी बना, जब समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया की दिव्य उपस्थिति में 250 से अधिक साधकों ने ओंकार दीक्षा प्राप्त की। यह केवल एक आध्यात्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्म-जागरण, प्रेम, शक्ति और आनंद की दिव्य धारा थी, जिसने हर साधक के अंतःकरण को झंकृत कर दिया। दिव्यता से गूंजते वातावरण में साधकों ने गुरुकृपा से एक नई चेतना का अनुभव किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में देशभर से आए साधकों के साथ-साथ समर्थगुरु सचिव मां मीराबाई, केंद्रीय कोर्डिनेटर आचार्य दर्शन, आश्रम प्रशासक सुशील, जितेंद्र हांडा, परवीन बिश्नोई, सचिन, अमरदेव, अंजू मोनिका आदि उपस्थित रहे।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी अंकिता ने बताया कि आजादगढ़ निवासी रजनेश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 29 मई को रजनेश ने अपनी मोटरसाइकिल को लक्ष्मी नगर गली में खड़ा किया हुआ था। अज्ञात युवक रजनेश की मोटरसाइकिल चोरी कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान 2 जून को आरोपी मोहित निवासी पोलंगी को गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। महम थाना प्रभारी ने बताया कि निंदाना निवासी विकास की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 10 मार्च को विकास को अपने घर का ताला टूटा हुआ मिला। घर पर सामान चैक करने पर घर से करीब 50 हजार रुपये, मोबाइल फोन व चांदी के कुछ आभूषण नहीं मिले। जांच के दौरान 2 जून को आरोपी जोनी निवासी रिडाना जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया गया है।

### मदविः 4 से 18 तक रिफ्रेशर कोर्स

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी)



4से 18 जून तक- इंटेग्रेटिंग एकेडमिया एंड रिसर्च टू एड्रैस सोसायटल प्रॉब्लम्स विषय पर रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन करेगा। एमएमटीटीसी निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने बताया कि यह रिफ्रेशर कोर्स ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा और सभी फैकल्टीज के लिए ओपन है।

# वर्तमान समय में वरिष्ठजन की सेवा है सबसे बड़ी सेवा : उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह

## जिला रेडक्रॉस सोसायटी हर वर्ष लगभग 50 हजार यूनिट रक्त एकत्रित कर रही मदद

## गांव स्तर पर वरिष्ठजन व दिव्यांगजन को दी जा रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आधुनिक समय में वरिष्ठजन की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। रेडक्रॉस समिति द्वारा लीख से हटकर गांव में पहुंचकर 11 लाख रुपए से अधिक की धनराशि के उपकरण वितरित करना वरिष्ठजन की बड़ी सेवा का कार्य है। उन्होंने वरिष्ठजनों को 400 से अधिक उपकरण वितरित किए।

धर्मेंद्र सिंह जिला के गांव काहनौर में जिला प्रशासन व रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अलिम्को कंपनी के सहयोग से उपकरण वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे।



रोहतक। काहनौर में ग्रामीणों को सम्बोधित करते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह।

### अलिम्को कंपनी की ओर से 11 लाख के सहायक उपकरण वरिष्ठजन व दिव्यांगजन को वितरित

उपायुक्त ने 11 लाख से अधिक की धनराशि के 400 से अधिक उपकरण वरिष्ठजनों को वितरित किए, जिनमें बैटरी चालित रिक्शा, कानों की मशीन, व्हील चेयर, कमोड चेयर सहित अनेक प्रकार के उपकरण शामिल है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ वरिष्ठजन के सामने अनेक प्रकार की कठिनाइयां आती हैं। इन कठिनाइयों में सुनाई न देना, चलने-फिरने में परेशानी, बोलने में परेशानी, आंखों की रोशनी कमजोर होना, दांतों का गिरना, घुटनों में दर्द आदि समस्याओं का वरिष्ठजनों को सामना करना पड़ता है। ऐसे में जिला रेडक्रॉस सोसायटी सहायक उपकरण वितरित कर वरिष्ठजनों की मदद कर रही है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि गांव स्तर पर वरिष्ठ नागरिकजन और दिव्यांगजन को रेडकॉस सोसाइटी की सेवाओं का लाभ दिलवाने के उद्देश्य से प्रयास किए जा रहे है कि गांव में ही वरिष्ठ नागरिकजन और दिव्यांगजन के लिए अलिम्को कंपनी के सहयोग से शिविर आयोजित किए जाएं। उपायुक्त ने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। सोसायटी द्वारा 100 से अधिक सामाजिक संगठनों के सहयोग से हर वर्ष लगभग 50 हजार यूनिट रक्त एकत्रित कर जरूरतमंद लोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे रेडक्रॉस समिति के साथ मिलकर सामाजिक गतिविधियों में भाग लें। ग्राम पंचायत द्वारा उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह को पगड़ी व शॉल भेंटकर मान-सम्मान किया गया। मौके पर गांव की सरपंच निशा, सरपंच प्रतिनिधि भूप सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र लांबा, मास्टर राजेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच अमित कादयान, जेपी लांबा, स्काउट इंचार्ज संदीप, रेडक्रॉस समिति से श्याम सुंदर, आशीष खासा उपस्थित रहे।



रोहतक। ग्रामीणों को अनेक प्रकार के उपकरण देते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ।

## योजनाकार विभाग की सख्त कार्रवाई, मचा हड़कंप

# सांपला, सराय अहमद व मकड़ौली कलां में चला बुलडोजर, अवैध निर्माण किया ध्वस्त

जिला प्रशासन का यह अभियान निरंतर जारी है। साथ ही अवैध भवन मालिकों की पहचान कर उन्हें नोटिस भी दिए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध निर्माण व कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। ताकि आमजन अवैध इलाकों में अपनी पूंजी लगाने से बच सकें।

मंगलवार को इस अभियान के तहत प्रशासन ने तीन अलग-अलग जगहों से अवैध कॉलोनियों में अवैध निर्माण को तोड़ा गया है। योजनाकार विभाग की टीम अभी कॉलोनियों में सर्वे कर रही है और जल्द ही अन्य अवैध भवन मालिकों की पहचान कर नोटिस दिए जाएंगे। इसके बाद तोड़फोड़ कार्रवाई की जाएगी। गांव सांपला, सराय अहमद व मकडौली कलां में विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी में एक अवैध निर्माण तथा नियंत्रित क्षेत्र में 3 अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा अवैध कालोनी व निर्माण को पनपने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी के अलावा किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल मौजूद रहा।



रोहतक। अवैध निर्माण गिराते हुए जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### तोड़फोड़ कार्रवाई भविष्य में भी की जाएगी

अधिकारियों ने कहा कि नागरिक अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध कालोनी व निर्माण में निवेश न करें। ऐसी कालोनियों व निर्माण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वह अपनी जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में या डीलर भू-मालिकों के द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें। क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्रवाई समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएंगी। कहा कि आमजन अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर पूछताछ कर सकते हैं। जहां अवैध निर्माण किया जाएगा, वहां नोटिस देकर तोड़फोड़ कार्रवाई भविष्य में की जाएगी।



रोहतक। विजेता खिलाड़ी अपने मेडल दिखाते। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा के खिलाड़ियों ने गोवा में जीते कई पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- सभी खिलाड़ी श्रीलंका में 15 से 17 अगस्त तक आयोजित केएमजीएफ एथलेटिक्स में भाग लेगें

पिछले दिनों गोवा में हुई एसबीकेएफ 12वीं नेशनल गेम्स मास्टर्स प्रतियोगिता में लक्ष्मीनगर के मास्टर चांदसिंह अहलावत ने ने शाटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवलीन थ्रो और हैमर थ्रो में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक जीते हैं। स्पर्धा 30-31 मई को हुई थी। इसमें 18 राज्यों के 1620 पुरुष एवं महिला मास्टर्स व 20 वर्ष तक के एथलीट खिलाड़ियों ने भाग लिया। चांद सिंह के अलावा गांव मोखरा के अतरसिंह ने भी 60 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर व लोंग जम्प में 4 स्वर्ण पदक हासिल किए। कुरूक्षेत्र के सरदार अमरीक सिंह ने 60 मीटर, 100 मीटर, 800 मीटर दौड़ में एक गोल्ड व 3 सिल्वर प्राप्त किए। अंबाला के सरदार सोहन सिंह 60 मीटर, 100 मीटर, शॉटपुट व लोंग जम्प में 3 स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। ये सभी खिलाड़ी अब श्रीलंका में 15 से 17 अगस्त तक आयोजित केएमजीएफ एथलेटिक्स में भाग लेगें।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में छठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

### 13 दिसंबर को प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी

- शैक्षणिक स्तर 2026-27 के लिए छठी कक्षा में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थी कर सकते है आवेदन
- आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास सुविधा उपलब्ध
- शिक्षा के साथ भोजन, वर्दी व अन्य दैनिक उपयोग सामग्री मुफ्त होगी

उपायुक्त एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आगामी 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) को प्रातः 11:30 बजे आयोजित होगी।

धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पूर्णतयाः आवासीय विद्यालय है, जिसमें छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास उपलब्ध है। विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा के साथ भोजन, वर्दी एवं अन्य दैनिक उपयोग सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। पात्र अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन स्वयं के स्तर पर अथवा जिला के गांव घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय से सम्पर्क कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन हेतु अभ्यर्थी को फोटो एवं आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। अभ्यर्थी और अभिभावक के हस्ताक्षर भी अपलोड करवाने होगें। छठी कक्षा में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच (दोनों तिथि शामिल) हुआ हो। ऑनलाइन आवेदन हेतु पात्र विद्यार्थी वेबसाईट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs पर आवेदन कर सकते है। प्रवेश के संबंध में विस्तृत जानकारी और आवश्यक दिशा निर्देश के लिए नोएडा स्थित नवोदय विद्यालय समिति के मुख्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.navodaya.gov.in का अवलोकन करें।

## आर्य स्कूल मदीना में मासिक हवन



**महम।** मदीना गांव के आर्य स्कूल में मासिक हवन का आयोजन किया गया । हवन में स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक दीपक मान और रघुबीर शास्त्री ने मुख्य यजमान की भूमिका का निर्वहन किया। इसके अतिरिक्त अन्य अध्यापकों और स्टाफ सदस्यों ने भी मिलकर हवन में आहुतियाँ समर्पित की। स्कूल की निदेशक लतेश दांगी ने आचार्य करतार शास्त्री को सम्मानित करते हुए उनका इस शुभ कार्य में योगदान देने हेतु धन्यवाद किया। आचार्य करतार शास्त्री ने हवन के उपरांत सभी के उज्जवल भविष्य और सुखमय जीवन की कामना करते हुए शांति पाठ किया। उल्लेखनीय है कि स्कूल में हर हवन का आयोजन किया जाता है। हवन में सभी को प्रसाद का वितरण भी किया गया।

# 5 को गीता यूनिवर्सिटी में 12वीं के मेधावी छात्रों व अध्यापकों का सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- 12 वीं के मेधावियों को दिए जाएंगे तीन करोड़ के स्कॉलरशिप वाउचर

गीता यूनिवर्सिटी, गीता इंस्टिट्यूट ऑफ़ लॉ व रोटरी क्लब रोहतक के सयुंक्त तत्वाधान में 5 जून को गीता यूनिवर्सिटी में 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों व अध्यापकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को 3 करोड़ रुपए के स्कॉलरशिप वाउचर वितरित किए जाएंगे। यह जानकारी यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग के हैड कपिल सैनी व डॉ. रेखा नारंग ने पत्रकार वार्ता में दी। इन दोनों ने कहा कि शैक्षणिक बैच 2025 में 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों व शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले शिक्षकों के लिए सम्मानित किया जाएगा। स्कॉलरशिप वाउचर के अलावा ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर छात्रों व अध्यापकों सम्मानित किया जाएगा। समारोह में करनाल के 12 वीं कक्षा के सभी संकाय में प्रथम स्थान पर रहने वाले छात्रों को 31 हजार का वाउचर, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र, दूसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को 21 हजार का वाउचर, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। सभी संकाय में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करने वाले छात्रों को 11 हजार के वाउचर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह से संबंधित जानकारी के लिए कार्यक्रम की कोर्डिनेटर ईशा कालरा से 8168376066 पर संपर्क किया जा सकता है। छात्र व अध्यापक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग के हैड कपिल सैनी व डॉ. रेखा नारंग।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

# सांपलाः दुकान से कपड़े चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

- झज्जर रोड बस स्टैंड के सामने कपड़े की दुकान पर वारदात

झज्जर रोड बस स्टैंड के सामने कपड़े की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति हजारों रुपए के कपड़े चोरी कर ले गए। पुलिस ने इस्माईला निवासी दुकानदार दीपक के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर दिया है। दीपक ने बताया कि उसने झज्जर रोड बस स्टैंड के सामने रेडिमेड कपड़े की दुकान खोल रखी है। सोमवार की देर शाम वह अपनी दुकान पर ताला लगाकर घर चला गया। सुबह आकर देखा उसकी दुकान के दोनों ताले टूटे हुए थे। अंदर पैंट शर्ट के अलावा अन्य कपड़े गायब मिले और 3000 की नगदी भी गायब पाई गई।

# गवर्नमेंट आईटीआई महम में 6 जून से शुरू होगी दाखिला प्रक्रिया

**महम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में दाखिले के लिए इंजिनियरिंग और नॉन इंजिनियरिंग व्यवसायों के लिए ऑन लाइन आवेदन की प्रक्रिया 6 जून से शुरू होगी। इच्छुक विद्यार्थी 20 जून तक ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं। आईटीआई महम के प्रधानाध्यापक इंद्र सिंह ने बताया कि महम आईटीआई में 21 ट्रेड हैं। विद्यार्थियों को ऑन लाइन आवेदन के समय अपने मूल प्रमाण पत्रों की प्रतियां साइट पर अपलोड करनी हैं। यदि किसी विद्यार्थी को दाखिला प्रक्रिया में कोई दिक्कत आ रही है, तो आईटीआई में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है। विद्यार्थी आईटीआई में पहुंचकर शंकाओं को दूर कर सकते हैं।

# महमः स्कूल भवन के जीर्णोद्धार कार्यक्रम का लोकार्पण कल

**महम।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महम के भवन के जीर्णोद्धार कार्यक्रम का लोकार्पण समारोह वीरवार 5 जून को सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। जीर्णोद्धार किए गए भवन का लोकार्पण महम के समाजसेवी सेठ विजय मित्तल करेंगे। जबकि जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी संजीत मलिक करेंगे।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# एमडीयू एलुमनी मनीष खन्ना बने दक्षिणी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- बोत्सवाना डिफेंस फोर्स के साथ चीफ फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर के तौर पर सेवाएं दीं

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के एलुमनी एयर मार्शल मनीष खन्ना भारतीय वायुसेना की दक्षिणी वायु कमान के एयर कमांडिंग-इन-चीफ बनाया गया है। अति विशिष्ट सेवा मेडल और वायु सेना मेडल से सम्मानित एयर मार्शल मनीष खन्ना ने एमडीयू के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग से पीएचडी की डिग्री की है। रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग के प्राध्यापक डा. प्रताप सिंह के निर्देशन में एयर मार्शल मनीष खन्ना ने- ट्रांसफॉर्मेटिव ट्रेंड्स इन एप्लीकेशन ऑफ एयर पावरः इंप्लीकेशंस फॉर इंडिया विषय पर अपनी पीएचडी का शोध कार्य पूरा किया है। रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया और विभाग के प्राध्यापकों ने इस उपलब्धि के लिए एलुमनी एयर मार्शल खन्ना को बधाई दी।

### मनीष ने एमडीयू पीएचडी की डिग्री प्राप्त की : दहिया



रोहतक। एयर मार्शल मनीष खन्ना ।

प्रो. सेवा सिंह दहिया ने बताया कि रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग का भारतीय वायु सेना से उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में परस्पर सहयोग के लिए एमओयू है, जिसके तहत एयर मार्शल मनीष खन्ना ने एमडीयू पीएचडी की डिग्री प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि एमडीयू एलुमनी एयर मार्शल कैटेगरी ए क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर हैं। एयर डिफेंस, ग्राउंड अटैक, स्ट्रैटेजिक रिकोनिसेंस और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर में एक्सपर्ट हैं। उन्होंने बोत्सवाना डिफेंस फोर्स के साथ चीफ फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर के तौर पर सेवाएं दी हैं और उन्हें मिग-21, मिग-25, मिराज-2000, एफ-5, किरण और एचीटी-32 जैसे विमानों पर 4000 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है।

# सैकेंडरी शैक्षिक की परीक्षाएं 5 से 14 जुलाई तक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- 4 जुलाई को संचालित होगी सीनियर सैकेंडरी शैक्षिक की एक दिवसीय परीक्षा
- परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा तथा परीक्षा केंद्र की जानकारी एडमिट कार्ड पर उपलब्ध होगी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबंद्ध सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) एक दिवसीय कम्पार्टमैंट परीक्षा तथा सैकेंडरी (शैक्षिक) की कम्पार्टमैंट (ईआईओपी), पूर्ण विषय एवं अंक सुधार परीक्षाओं का आयोजन जुलाई में करवाने का निर्णय लिया है।

बोर्ड आफ स्कूल एजुकेशन हरियाणा की तरफ से जारी पत्र में सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) की कम्पार्टमैंट की एक दिवसीय परीक्षा का आयोजन 4 जुलाई को करवाया जाएगा। इसी प्रकार सैकेंडरी (शैक्षिक)की कम्पार्टमैंट (ईआईओपी), पूर्ण विषय एवं अंक सुधार परीक्षाएं 5 जुलाई से 14 जुलाई, तक संचालित होंगी।

### वेबसाइट नियमित देखते रहें

दोनों परीक्षाओं की तिथि-पत्र की विस्तृत जानकारी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट **www.bseh.org.in** पर उपलब्ध हैं। परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा तथा परीक्षा केंद्र की जानकारी एडमिट कार्ड पर उपलब्ध होगी। संबंधित परीक्षार्थी परीक्षा कार्यक्रम व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।